पद्म अलंकरण समारोह के मनभावन दृश्य

अभिनय से किरदार को जीवंत कर देने वाली सौंदर्य की मलिका ऐश्वर्या राय सुर्ख साड़ी में कायनात की सबसे हसीन हूर लग रही थीं।

भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को नया आयाम और विस्तार देने वाले वैज्ञानिक तथा परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल काकोडकर समारोह के केंद्र में रहे। राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने जब उन्हें सम्मानित किया, सारा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। डॉ. काकोडकर ने भारतीय दाबानुकूलित भारी जल रिऐक्टरों की महत्वपूर्ण प्रणालियों का देशज विकास करने, नाभिकीय विद्युत रिऐक्टरों के क्षेत्र में भारत को स्वावलंबी बनाने, कैंसर रोगियों के लिए भाभाट्रोन, नाभिकीय दवाओं और बेहतर किस्म के बीजों के निर्माण आदि क्षेत्रों में असीम योगदान देकर भारत को अग्रणी देशों की पंक्ति में ला खड़ा किया है। पूरा देश डॉ. काकोडकर से गौरवान्वित है।

'कभी आर कभी पार लागा तीर-ए-नजर' से लेकर 'बड़ी मुश्किल से दिल की बेकरारी को करार आया' जैसे दर्द भरे गीत गाने वाली खनकदार सुर की साम्राज्ञी शमशाद बेगम के सम्मान ग्रहण करते ही बॉलीवुड की हस्तियां उनके सामने नतमस्तक हो गईं।

बॉलीवुड की दुनिया में मिस्टर खिलाड़ी के नाम से मशहूर, मार्शल आर्ट्स में धुरंधर अक्षय कुमार पद्मश्री की उपाधि लिए पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ।

1. देश-विदेश में अपनी सुरीली आवाज का कायल करने वाली गजल गायिका पीनाज मसानी राष्ट्रपति से सम्मान लेती हुई।
2. बहू को सम्मान मिले और सास-ससुर न आएं। भला यह कैसे हो सकता था। बहरहाल, ऐश्वर्या राय के सम्मान समारोह में पूरा बच्चन परिवार शामिल था।
3. धुरंधरों को सम्मान के समय कई गणमान्य उपस्थित थे। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदर कुमार गुजराल, लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी, वित्तमंत्री पी. चिदंबरम, पेट्रोलियम मंत्री मुरली देवड़ा आदि शामिल थे।
4. आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा के समकक्ष लाने की मुहिम में जुटे वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा सम्मान लेते हुए।
5. हजूरी रागी भाई निर्मल सिंह 'खालसा' सम्मान ग्रहण करते हुए।
6. संगीतकार कुमार सानू पद्मश्री ग्रहण करते हुए।
7. **विद्युत वितरण और आपूर्ति के क्षेत्र में सुधार के नए उपक्रम शुरू करने वाले उद्योगपति सुरेंद्र मेहता को भी सम्मान।**

सभी फोटो : रवि बत्रा

ऐश्वर्या और अमिताभ की रही धूम

नई दिल्ली (ब्यूरो)। राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को पद्म अलंकरण समारोह के दौरान यूं तो पूरा बच्चन परिवार और दूसरे कई सितारे मौजूद थे, लेकिन पति अभिषेक और सास जया से ज्यादा धूम बहू ऐश्वर्या और ससुर अमिताभ की रही। बच्चे तो बच्चे बड़े और बूढ़े भी अमिताभ से मिलने और ऐश्वर्या की झलक के लिए बेताब दिखे। इस यादगार मौके पर बॉलीवुड की सुपर स्टार बहू की हौसला अफजाई के लिए पूरा बच्चन परिवार मौजूद था। इनके अलावा पद्मश्री सम्मान से अलंकृत होने के लिए सिने स्टार अक्षय कुमार अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ मौजूद थे। अन्य नामी चेहरों में गुजरे जमाने की मशहूर पार्श्वगायिका शमशाद बेगम, गजल की दुनिया की मिठास पीनाज मसानी और पार्श्व गायक कुमार सानू भी थे।

लेकिन जैसे ही समारोह संपन्न हुआ और राष्ट्रपति के साथ फोटो सत्र पूरा होने के बाद सम्मानित विशिष्ट जन चायपान की ओर बढ़े तो भीड़ ने अमिताभ और ऐश्वर्या को घेर लिया। सभी उनकी एक झलक पाने और ऑटोग्राफ के लिए उतावले थे। यहां तक कि पद्म सम्मानों से अलंकृत होने वाले भी अमिताभ और ऐश्वर्या की चमक से इतने चमत्कृत हो गए कि कुछ तो अपने पद्म अलंकरणों को संभालना ही भूल गए।